फोन नं0–05442–245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Email Id- jalnigam3@gmail.com Mo. No.- 9473942677

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 8828 / एम–6 / 137 दिनांक 22.07.2026

विषयः– **जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 21.07.2026 को "जल जीवन मिशन टंकी से पानी बर्बादः मीरजापुर के बघरा तिवारी गांव में लीकेज से ग्रामीण आक्रोशित" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 21.07.2026 को "जल जीवन मिशन टंकी से पानी बर्बादः मीरजापुर के बघरा तिवारी गांव में लीकेज से ग्रामीण आक्रोशित" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। अवगत कराना है कि विकास खण्ड छानबे में दांती ग्राम समूह पेयजल योजना–भूजल स्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। समाचार पत्र में वर्णित ग्राम बघरा तिवारी में स्थित शिरोपरि जलाशय के सिलेण्ड्रिकल वॉल मे सीपेज होने के कारण पानी का रिसाव हो रहा है। उक्त सिलेण्ड्रिकल वॉल के सीपेज मरम्मतीकरण का कार्य दिनांक 28.07.2026 तक पूर्ण करा दिया जायेगा।

भवदीय

(विश्वजीत)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता